डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

(Re-Accredited by NAAC B++ Grade)

पत्रांक शोध /5315/ 2023

दिनांक 23-06-2023

सेवा में,

अधिष्ठाता (शोध)
डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय,
आगरा।

महोदया,

कतिपय छात्र संगठनों द्वारा शोध छात्र तथा उनसे सम्बन्धित शोध गतिविधियों में गुणात्मक सुधार के सम्बन्ध में लगातार अनुरोध किया जा रहा है। मा0 कुलपति महोदया के आदेशानुसार शोध छात्रों तथा उनसे सम्बन्धित गतिविधियों में गुणात्मक सुधार के लिए निम्नलिखित कार्यवाही कराने का कष्ट करें :-

1 - शोध गतिविधियों को बढ़ावा देने एवं संसाधन उपलब्ध कराने हेतु सभी शोध केन्द्रों का निरीक्षण कराया जाय।
2 - विश्वविद्यालय परिसर तथा महाविद्यालय में शोधरत शोधार्थियों के सम्बन्ध में फीस संरचना में एकरूपता लाने हेतु एक समिति बनाकर नियमानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत करें।
3 - विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न विभागों तथा समस्त महाविद्यालयों के शोध केन्द्र अपने अपने विश्वविद्यालय विभाग/ महाविद्यालय के विभाग में उपलब्ध शोध संसाधनों / उपकरणों इत्यादि का विवरण विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय की वेबसाइट पर शोधार्थियों के सुगम उपयोगार्थ अपलोड कराने का कष्ट करें।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपि -

1 - अधीक्षक कुलपति सचिवालय, को मा0 कुलपतिजी के संज्ञानार्थ।
2 - वित्त अधिकारी।
3 - परीक्षा नियंत्रक।
4 - सहायक कुलसचिव (शोध) को अनुश्रवणार्थ।
5 - अधीक्षक कुलसचिव कार्यालय।
6 - प्रभारी वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें ।
7 - विश्वविद्यालय एजेन्सी को महाविद्यालयों की लॉगिन आई0 डी0 पर अपलोड करने हेतु।
8 - अभिलेख खण्ड।

कुलसचिव